हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

12 शोभाराम ने बहू को बेटी बनाकर किया कन्यादान



14 औद्योगिक पार्क के विरोध में भालुझुलन के ग्रामीणों ने ...





## खबर संक्षेप

### प्राणीशास्त्र की 14 और रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की नियमित तथा स्वाध्यायी छात्राओं के प्राणीशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 फरवरी को प्रातः 8 बजे एवं रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 19 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित की गई है।

### रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 को

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा (सिहाद) में बीएससी द्वितीय वर्ष रसायन तथा बीएससी तृतीय वर्ष रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 फरवरी मंगलवार को सुबह 9 बजे से होगी। नियमित, अहमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व छात्र प्रायोगिक फाइल, आवश्यक लेखन सामग्री के साथ परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पहले महाविद्यालय में उपस्थित होंगे। अनुपस्थित रहने पर स्वयं की जिम्मेदारी होंगी।

### बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 13 एवं 17 को

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष नियमित एवं अमहाविद्यालयीन छात्रों के रसायन शास्त्र की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी एवं वनस्पति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 फरवरी को प्रातः 8 बजे से रसायन शास्त्र विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग में होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाइल एवं लेखन सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। अनुपस्थित होने पर स्वयं छात्रों की जिम्मेदारी होगी।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार इन्द्रजीत नागवंशी पिता हृदयराम ग्राम पंढरीपानी थाना चारामा निवासी किसानी का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। बुधवार को युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरूवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

सिर्फ सरकारी खजाने पर बोझ और कर्मचारियों पर वर्कलोड बढ़ा, लाभ कुछ भी नहीं

# ऑनलाइन अटेंडेंस को ठेंगा दिखा रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मोबाइल एप पर शिक्षकों का ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य तो कर दिया गया है, लेकिन अब 64 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं दे रहे हैं। कहीं पर एप में समस्या आ रही है तो कहीं पर शिक्षक ही रूचि नहीं ले रहे हैं। कुछ स्थानों पर नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। आए दिन सरकारी स्कूलों से शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत आती रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए शासन द्वारा मोबाइल एप से शिक्षकों के ऑनलाइन अटेंडेंस की सुविधा शुरू की गई है। इस एप पर हर शिक्षक को अटेंडेंस लगाना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन न तो शिक्षक इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही जिम्मेदार उच्चाधिकारी। यही कारण है कि पूरा शिक्षण सत्र निकलने वाला है, लेकिन अब तक मात्र 36 प्रतिशत शिक्षक ही ऑनलाइन अटेंडेंस दे पा रहे हैं। बाकी शिक्षकों का अटेंडेंस ऑनलाइन नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस एप के माध्यम से छात्रों का भी ऑनलाइन अटेंडेंस लिया जाना था, लेकिन शिक्षकों का ऑनलाइन अटेंडेंस पूरा नहीं हो पा रहा है, ऐसे में छात्रों का अटेंडेंस तो शुरू भी नहीं किया गया है।




### पंजीयन नहीं

स्थिति पर नजर डालें तो जिले में कुल 5 हजार 776 शिक्षक हैं। इनमें से 75 प्रतिशत शिक्षकों यानी 4 हजार 382 ने ही ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए पंजीयन कराया है। 25 प्रतिशत शिक्षकों का पंजीयन एप नहीं हुआ है। इसमें से अधिकांश शिक्षकों के मोबाइल का एंड्राइड वर्जन पुराना हो चुका है या वे एंड्राइड मोबाइल ही नहीं चलाते हैं। पंजीयन के लिए या तो उन्हें एंड्राइड वर्जन अपडेट करना होगा या नया मोबाइल लेना होगा, लेकिन शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस से बचने के लिए ये काम नहीं कर रहे हैं।

### टेक्निकल सपोर्ट की कमी

ऑनलाइन एप से अटेंडेंस तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन शिक्षकों को इसके संचालन के लिए टेक्निकल सपोर्ट नहीं मिल रहा है। शिक्षकों की शिकायत है कि पंजीयन के बाद उनका ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं लग रहा है। जिला स्तर पर उनसे जिओटैग वाली फोटो मांगी गई थी। उन्होंने फोटो दी तो दो तीन दिन अटेंडेंस लगा, इसके बाद फिर से अटेंडेंस नहीं लग रहा है।

### जिले में नगरी पहले नम्बर पर

शिक्षकों के पंजीयन और ऑनलाइन अटेंडेंस के मामले में नगरी ब्लाक पूरे जिले में पहले नम्बर पर है। नगरी ब्लॉक में जहां पर 80.31 प्रतिशत शिक्षकों ने पंजीयन कराया है वहीं 40.95 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस दे रहे हैं। धमतरी ब्लॉक में 76.90 प्रतिशत शिक्षकों का पंजीयन हुआ है। 36.60 प्रतिशत ऑनलाइन अटेंडेंस दे रहे हैं। कुरूद में 71.90 प्रतिशत शिक्षकों का पंजीयन हुआ है। 33.56 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस दे रहे हैं। मगरलोड में 73.98 प्रतिशत शिक्षकों का पंजीयन हुआ है। 33.10 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस दे रहे हैं।

सीतानदी क्षेत्र की अंगिरा ऋषि पहाड़ी पर लगी आग

## फायर सीजन से पहले जंगल में दावानल

- वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

फायर सीजन से पहले ही जंगल में आग लगने की खबर आने लगी है। इधर वन विभाग ने जिले के सभी बीट पर अग्निरक्षक नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। जिले का 52 फीसदी एरिया वनों से आच्छादित है। 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन चलता है। फायर सीजन से ठीक पहले सीतानदी उदंती के जंगल में दावानल से वन विभाग की तैयारी पर सवाल उठ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतानदी रेंज के अंगिरा ऋषि पहाड़ी क्षेत्र में बुधवार को धुएं का गुबार उठने लगा। सूचना मिलते ही फारेस्ट गार्ड शिवा शुक्ला वन चौकीदारों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए। पहाड़ी क्षेत्र में तेजी से फैलती आग को शांत करने में वनकर्मियों को खूब मशक्कत करनी पड़ी। फायर सीजन से पहले जंगल में आग लगने की घटना ने वन विभाग सहित वन क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दी है।



### दावानल से प्राकृतिक व्यवस्था चरमरा जाती है

जंगल में आग लगने से वन्य जीवों पर सीधा असर पड़ता है। आग से छोटे जीव जंतु बड़ी संख्या में मर जाते हैं। पौधे और औषधियां वनस्पति जल जाते हैं। हरी घास और झाड़ियों के जलने से जंगली जानवरों के सामने चारा और पानी का संकट हो जाता है। सुरक्षित क्षेत्र को छोड़कर जानवर अन्यत्र भटकते हैं। शिकारी और आवारा जानवरों से खतरा बना रहता है। दावानल से जंगल की प्राकृतिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है।

### सभी 117 बीट में अग्निरक्षक की होगी तैनाती

संयुक्त वन मंडल अधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि वन विभाग ने 2026 में अग्नि सीजन 15 फरवरी से 15 जून के दौरान वनों को दावानल से बचाने व्यापक तैयारी शुरु कर दी है। जिले के 117 बीटों में सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं और जीरो फायर का लक्ष्य रखा गया है। वन मंडलों में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वन कर्मचारी, ग्रामीण और वन प्रबंधन समितियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वन प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से वास्तविक समय डेटा का उपयोग किया जा रहा है। आग की सूचना मिलते ही एसएमएस-ईमेल के माध्यम से क्षेत्रीय अमले को सूचित किया जाता है। 15 फरवरी से 15 जून तक जिले के सभी 117 बीट में अग्निरक्षक तैनात किए जाएंगे। वन मंडल और परिक्षेत्र स्तर पर विशेष स्ट्राईक फोर्स का गठन किया गया है जो तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने और फैलने से रोकने का काम करेगी। ग्रामीणों और वन प्रबंधन समितियों को आग की सूचना तुरंत देने और आग को बुझाने में शामिल किया जाएगा। विशेष संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाएगी।

## जंगली सुअर का शिकार कर फरार हुए आरोपी गिरफ्तार

- ओडिशा रायघर जिले में तीन लोग भरमार बंदूक के साथ पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदंती सीतानदी फारेस्ट रिजर्व में जंगली सुअर का शिकार करने वाले फरार तीन आरोपी को वन विभाग ने पकड़ लिया है। भरमार बंदूक के साथ पकड़े गए आरोपियों को 14 दिन की रिमांड पर जेल भेजा गया है।

उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि 15 जनवरी को जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में ओडिशा के तीन आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर 10 फरवरी को वन परिक्षेत्र दक्षिण उदंती के वन अमला ने पकड़ा है। प्रकरण के मुख्य आरोपी गुप्ताराम, भादूराम, राजमन के कथन अनुसार अवैध शिकार में 2 भरमार बंदूक का उपयोग किया गया था। गुप्ताराम के पास से 20 जनवरी को भरमार बंदूक जब्त की गई थी। वन परिक्षेत्र रायघर/ओडिशा एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अमला ने सर्च वारंट जारी कर मेटापाराओडिशा निवासी चैनूराम की घर बाड़ी की विधिवत तलाशी ली गई। जहां एक नग भरमार बंदूक पाई गई। चैनूराम को अवैध शिकार के घटनास्थल कह शिनाख्त कराई गई। विवेचनाधिकारी धमेन्द्र सिंह सोनवानी ने चैनूराम ग्राम मेटपारा ओडिशा, दामू ग्राम टीमनपुर ओडिशा, सबसिंह टीमनबुर को गिरफ्तार कर 12 फरवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के पास प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपियों को 14 दिन के लिए रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस ने 706 पौवा देसी शराब व कार जब्त की

## अवैध शराब की बड़ी खेप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड/धमतरी

शराब की तस्करी पर मगरलोड पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते अवैध शराब के जखीरे से भरी कार को घेराबंदी कर पकड़ा है। पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस सख्त अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में मगरलोड पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से एक रिनाल्ड ट्रायबर कार के माध्यम से ग्राम बोरसी की ओर अवैध देसी शराब की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने कार्रवाई के लिए टीम को बोरसी रवाना किया। टीम ग्राम बोरसी पहुंची और शराब भट्टी रोड गौठान के पास रणनीतिक घेराबंदी की। इसी दौरान बताए गए कार क्रमांक सीजी 05 एक्यू 0938 को संदेह के आधार पर रोककर विधिवत तलाशी ली गई। इस दौरान कार में तीन युवक सवार मिले। कार से अवैध शराब का जखीरा बरामद हुआ। सवार तीनों युवकों को बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से भारी मात्रा में देसी शराब परिवहन करते पाया गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम केशवदास सोनवानी, दुर्गेश सोनवानी, ललित महानंद बताया। पुलिस ने अवैध शराब 706 पौवा कीमत 72 हजार 320 रूपये व कार कीमत 5 लाख कुल कीमत 5 लाख 72 हजार को जब्त कर लिया। पुलिस ने धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी केशवदास सोनवानी पिता राजगोपाल 24 वर्ष, दुर्गेश सोनवानी पिता सोमनाथ उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम डांडेसरा थाना कुरूद निवासी वर्तमान ग्राम दूधवारा थाना मगरलोड निवासी व ललित महानंद पिता श्यामलाल उम्र 24 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना मगरलोड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।



### आरोपी ललित का आपराधिक रिकार्ड

अवैध शराब का परिवहन करते गिरफ्तार आरोपी ललित महानंद के खिलाफ मगरलोड थाना में अब तक 4 मामले दर्ज है जिसमें वर्ष 20219 में आबकारी एक्ट 34-2, धारा 294, 323, 506, वर्ष 2021 में धारा 458, 392, 427, 201, 347, 395, 120 बी भादवि एवं आर्म्स एक्ट धारा 35 व वर्ष 2024 में आबकारी एक्ट धारा 34-2 के तहत अपराध शामिल है। आरोपी ललित महानंद पूर्व में भी गंभीर एवं विविध प्रकृति के अपराधों में संलिप्त रहा है।




गांव में पुलिस तथा प्रशासनिक व्यवस्था की मांग

## मतांतरित व्यक्ति का शव दफनाने से मुनईकेरा में तनाव

- पेसा कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी विकासखंड के ग्राम मुनईकेरा के ग्रामीणों ने मतांतरित व्यक्ति के शव को जबरदस्ती दफनाए जाने के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

गुरूवार को मुनईकेरा से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को मुनईकेरा से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उनका गांव संविधान में पांचवीं अनुसूची में आने वाला आदिवासी बाहुल ग्राम है जहां ग्रामसभा को भूमि, सामाजिक परंपरा, धार्मिक आस्था एवं सामुदायिक निर्णयों का सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है।



8 फरवरी को ग्राम मुनईकेरा में एक मतांतरित व्यक्ति के शव को ग्राम सभा की अनुमति, सहमति एवं प्रस्ताव के बिना स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बावजूद जबरदस्ती दफना दिया गया जो अवैधानिक एवं समााजिक शांति भंग करने वाला कृत्य है। दफन क्रिया के लिए अधिसूचित कब्रिस्तान या स्वीकृत स्थल नहीं है। मतांतरित मृत व्यक्ति की परंपरा आदिवासी सामाजिक संरचना के विपरीत है। इससे गांव में तनाव, आक्रोश तथा अशांति की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

आवेदन में कहा है कि यह कृत्य पेसा अधिनियम तथा ग्राम सभा के अधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया गया तो यह घटना भविष्य में गंभीर सामाजिक संघर्ष का कारण बन सकती है। उन्होंने कलेक्टर से ग्राम सभा की अवहेलना कर शव दफनाने वाले व्यक्ति एवं सहयोगियों पर कानून सम्मत दण्डात्मक कार्रवाई, घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने स्पष्ट प्रशासनिक निर्देश जारी करने तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था करने की मांग की है।

आवेदन करने वालों में प्रमुख रूप से किशन नेताम, गणेश राम नागवंशी, दयाराम, देवव्रत सिंह, कोमल, गोकुल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लावारिस बछड़े का किया अंतिम संस्कार

**भानुप्रतापपुर।** लाइफ सेवियर्स फाउंडेशन को 12 फरवरी को सुबह जानकारी मिला कि अस्पताल के पास एक गाय के बछड़े की मौत हो गई है। जानकारी मिलने के बाद फाउंडेशन के कार्यकर्ता तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं ने आसपास के लोगों से जानकारी लेकर बछड़े के मालिक का पता लगाने का प्रयास किया, परंतु पता चला कि वह बछड़ा लावारिस था और उसकी मृत्यु रात में ही हो चुकी थी। फाउंडेशन के सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए पूरे विधि-विधान के साथ बछड़े का अंतिम संस्कार किया। इस कार्य में मुख्य रूप से हिमांशु ठाकुर, अमित साहू, चंदर यादव एवं मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

### भानबेड़ा का आज से होगा वार्षिक मेला

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भानबेड़ा का वार्षिक देव मेला 13 व 14 फरवरी को आयोजित किया गया है। सरपंच ममता ठाकुर ने बताया कि मेले में आसपास क्षेत्र की देवी-देवता, गायता, पटेल, ग्रामीण, महिला-पुरुष, व्यापारी शामिल होंगे। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी मोर चिरईया फूल बालोद जिला के ग्राम कुलिया कनेरी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कॉलोनीपारा पोडगांव निवासी नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। पोडगांव निवासी 24 वर्षीय अभेषेक यादव ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीय राहुल यादव ने 10 फरवरी को अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### धनवाफूलचूर में 14 से वार्षिक देव मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम धनवाफूलचूर में वार्षिक देव मेला का आयोजन इस वर्ष भी 14 एवं 15 फरवरी 2026 को होगा। मेले को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है तथा ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत गुदुम की सरपंच राम कुमारी पूड़ो, सचिव जगदेव पांडे, बृजलाल पुडो, सतनारायण जैन, राजकुमार जैन, सुरेन्द्र जैन, धनेश तुलवी, बिरझू पुड़ों एवं संतोष कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईश्वर कृपा से वार्षिक देव मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आसपास के ग्रामों के गायता, पटेल, देवी-देवता, ग्रामीणजन तथा व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### पंचायत मेड़ो में आज होगा जनसमस्या निवारण शिविर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 13 फरवरी को दुर्गूकोंदल विकास खण्ड के स्कूल ग्राउण्ड मेड़ो में होगा, जिसमें ग्राम पंचायत मेड़ो, दुर्गूकोंदल और भुरकागुदुम इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे।

## निधन

### सेवाराम यादव

**धमतरी।** स्टेशनपारा निवासी सेवाराम यादव 58 वर्ष का 12 फरवरी गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया।



उनकी अंत्येष्टि में समाजजन सहित नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वे श्रीमती रामीन यादव के पति थे। हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय धमतरी की कर्मचारी नीलेश्वरी यादव (माया) के पिता थे।

### माधवराम यादव

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी माधवराम यादव का आकस्मिक निधन 11 फरवरी बुधवार को हो गया। वे मालती यादव के पति, प्रीतम यादव के बड़े भैया थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

पटेल समाज के अध्यक्ष ने अनोखी पहल कर समाज को दी नई दिशा

# शोभाराम ने बहू को बेटी बनाकर किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

प्रत्येक समाज हमेशा एक नई पहल को लेकर सामने आता है। इसी तारतम्य में ग्राम सिर्री में पटेल समाज के अध्यक्ष द्वारा अनोखी पहल की गई। पटेल समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी शोभाराम पटेल ने अपनी ज्येष्ठ बहू को पुत्री बनाकर विधिवत उनका पुनर्विवाह कराया। श्री पटेल एक पिता का फर्ज निभाते हुए नजर आए और अपनी बहू को बेटी की तरह मान रस्मोंरिवाज के साथ कन्यादान भी किया। यह विवाह कार्यक्रम 10 फरवरी को सिर्री के उनके निवास में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि लगभग 6 वर्ष पूर्व सिर्री निवासी



शोभाराम पटेल के पुत्र डेसमन पटेल का निधन हो गया था। उनकी पत्नी सरोजनी पटेल वर्तमान में एक अस्पताल में नर्स हैं। विधवा पुनर्विवाह कर उन्होंने एक ऐतिहासिक पहल की है।

शोभाराम पटेल ने बताया कि एक पति के निधन के बाद पत्नी अपने आप को असहज और बेसहारा महसूस करती है और सम्मान के साथ जीवनयापन करने में एक अधूरापन सा रह जाता है, इसीलिए वह अपनी ज्येष्ठ बहू को अपनी बेटी के समान मानकर उनका कन्यादान कर विदाई भी की। सामाजिक भोज भी कराया गया। इस अनोखी पहल से वे समाज में संदेश देना चाहते हैं कि प्रत्येक घर में बहू को भी बेटी के समान ही समझे और उनका सम्मान करें। बहू को बेटी के जैसे सम्मान और प्रेम दिया जाए तो घर स्वर्ग बन सकता है। उनकी बहू सरोजनी पटेल का पुनर्विवाह कोटाडबरी जांजगीर चांपा निवासी काशीराम -चमेली पटेल के पुत्र राजा पटेल के साथ ग्राम पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न किया गया।

मौके पर पटेल समाज के प्रदेश संरक्षक बंशीलाल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील नायक, समाज के प्रदेश महामंत्री, राज सचिव महेंद्र पटेल, पूर्वराज अध्यक्ष कपिल पटेल, कुरूद मंडल पूर्व अध्यक्ष भीम साहू, आनंद यदु उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरूद, रामस्वरूप साहू, विधायक निज सचिव कामड़े, सिविल सर्जन डा. भंडारी, घनश्याम साहू, सालिक राम साहू, पीलाराम साहू, धनेश बंजारे, मोती लाल देवांगन, द्वारिका साहू, संजीव साहू अध्यक्ष साहू समाज, हेमंत साहू, रोहित निर्मलकर, द्वारिका सिन्हा सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने नवदंपति

# बड़ेडोंगर के अविवाहित युवक ने विधवा का थामा हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

नगरी ब्लॉक के ग्राम बोड़रा से हल्बा समाज के लिए एक प्रेरणादायक और सराहनीय उदाहरण सामने आया है। समाज के बड़ेडोंगर क्षेत्र के एक अविवाहित युवक दीनदयाल राणा पिता स्व. मन्नालाल राणा ने एक विधवा ग्राम बोड़रा निवासी रोशनी राणा पिता घनाराम समुंद का हाथ थामा। इसे सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने वाला कदम माना जा रहा है। यह पहल न केवल दो जीवन को नई शुरुआत देने वाली है, बल्कि समाज में व्याप्त रूढ़ धारणाओं को सकारात्मक दिशा में बदलने का संदेश भी देती है।

■ बोड़रा में हल्बा समाज की अनुकरणीय पहल

समाज के पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल समुंद के मार्गदर्शन में पूरे विधि-विधान से विवाह



संपन्न हुआ। ग्रामीणों और समाज के वरिष्ठजनों ने इस विवाह को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना है कि ऐसे कदम समाज को नई सोच, नई दिशा और मानवता के मूल मूल्यों से जोड़ते हैं।

इस दौरान बड़े डोंगर के समाज प्रमुख तुलाराम साव, देवेन्द्र राणा, भुनेश्वर राणा, टार्केदर, कुदराम, योगेश्वर नायक, कामेश्वर, शिवशंकर, हेमवन्त, कनेश्वरी साव, बोड़रा से समाज प्रमुख ईश्वर पुजारी, नंदकिशोर पुजारी, शत्रुघन नाग सरपंच बोड़रा, लीलाशंकर कश्यप, नरेंद्र पुजारी, अरूण कश्यप, बिसंभर भंडारी, रायसिंह भंडारी, तिलक भंडारी, छबिलाल कश्यप, प्रेमलाल नाग, मोहन चुरपाल सहित समाज की महिलाएं भी शामिल रहीं।

## गणेशघाट बरबांधा में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बरबांधा गणेश घाट स्थित शिव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि मेला का आयोजन 15 फरवरी रविवार को किया जाएगा। मेले की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। ग्रामवासियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा मेला स्थल की साफ-सफाई तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम अंतर्गत 14 फरवरी को शिव मंदिर में हवन-पूजन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 15 फरवरी को सुबह से रंगारंग धार्मिक कार्यक्रमों एवं मेले की शुरुआत होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोककला मंच द्वारा लोक गंगा की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मेला को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

■ दो दिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# शहीद गुंडाधुर ने आदिवासी समाज को किया संगठित

■ गोंडवाना समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी ने मनाया भूमकाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गोंडवाना समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी ने उपक्षेत्र बीजापुर के गोंडवाना भवन में भूमकाल दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में हेमंत तुमरेटी ने शहीद गुंडाधुर सहित भूमकाल आंदोलन के वीर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष को याद किया।



प्रमोद कुंजाम ने कहा कि 1910 का भूमकाल आंदोलन बस्तर के इतिहास में स्वाभिमान, एकता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। शहीद गुंडाधुर के साहस और नेतृत्व ने आदिवासी समाज को संगठित किया, जो आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति, भाषा, परंपरा और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए जागरूक रहने तथा शिक्षा , स्वरोजगार और संगठन के जरिए आगे बढ़ने का आह्वान किया। आदिवासी समाज के वक्ताओं ने कहा कि भूमकाल दिवस सिर्फ स्मृति नहीं, बल्कि समाज की एकता और पहचान पर गर्व करने का अवसर है। उन्होंने नई पीढ़ी से महापुरुषों के बलिदान से सीख लेकर सामाजिक समरसता, शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रमोद कुंजा, हेमंत तुमरेटी संरक्षक, राजेश मरकाम उपाध्यक्ष, पोखन नेताम महासचिव, चेतन नेताम, मुकेश मण्डवी, गोपेश नेताम, गोरेलाल वट्टी, भुखऊराम कुंजाम, राकेश मण्डवी, मधु नेताम, परमेश्वरी मरकाम, हेमलता नेताम, ईश्वर मण्डवी, पिंगल गोटा, रमेश गोटा सहित अन्य समाजजनों की उपस्थिति रही।

## धान उठाव में तेजी लाने व बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी ने कलेक्टर, खाद्य अधिकारी, उपपंजीयक व जिला विपणन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धान उठाव में तेजी लाने और बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग की है। संघ के अनुसार जिले की 74 समितियों के 100 उपार्जन केंद्रों में 15 नवंबर से 31 जनवरी तक 59,64,994 क्विंटल धान खरीदी गई, लेकिन अब तक केवल 33,63,571 क्विंटल का ही परिवहन हुआ है। 26 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव शेष है। लंबे समय से उठाव नहीं होने के कारण धान की नमी घटकर 13 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे समितियों को आर्थिक नुकसान हो



रहा है। संघ ने अधिक स्टॉक वाले केंद्रों से प्राथमिकता के आधार पर डीओ जारी कर 100 प्रतिशत उठाव कराने की मांग की है। साथ ही खरीदी कार्य में लगे निलंबित कर्मचारियों की शीघ्र बहाली की मांग भी की गई है। अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक धमतरी ने दी।

# कंचन परिवार ने श्रीराम नवयुवक परिषद को स्पीच स्टैण्ड भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सामाजिक संस्था श्रीराम नवयुवक परिषद नगरी को चुरियारापारा निवासी कंचन परिवार द्वारा एक आकर्षक स्पीच स्टैण्ड भेंट किया गया। परिषद को लंबे समय से एक अच्छे स्पीच स्टैण्ड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे कंचन परिवार ने स्नेहपूर्वक पूरा किया।



जानकारी के अनुसार नगर के वरिष्ठ पेंशनर स्व. ऋषि राम कंचन ने अपने जीवन के अंतिम समय में अपने पुत्र द्रोण कंचन के समक्ष इच्छा व्यक्त की थी कि उनकी स्मृति में परिषद को आवश्यक सामग्री भेंट की जाए। पिता की इस अंतिम इच्छा को सम्मान देते हुए द्रोण कंचन ने गांधी चौक राजा बाड़ा स्थित दंतेश्वरी सभाकक्ष में स्पीच स्टैण्ड परिषद को प्रदान किया।

इस अवसर पर श्रीराम नवयुवक परिषद ने कंचन परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्व.ऋषि राम कंचन की पुण्यस्मृति में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर संरक्षक हृदय नाग, हेमलाल सेन, अध्यक्ष अशोक पटेल, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, रोहित नाग, हरिश यादव, कोषाध्यक्ष भरत साहू, सचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव महेंद्र साहू, शंभु कश्यप, पार्षद अश्वनी निषाद, ज्ञानेंद्र सोम, भोजराज पटेल, सोहन कंचन, उधोलाल साहू, द्रोण कंचन, सुरेश चनाप, नोहर साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दंतेश्वरी मंदिर से शंकर चौक तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी

# रुद्र चंडी महायज्ञ एवं शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 25 से

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सोंढूर (मेचका) के मुचकुन्देश्वर महादेव मंदिर परिसर में रुद्र चंडी महायज्ञ एवं शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 25 फरवरी से 1 मार्च तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन महेश फाउंडेशन छग एवं हितेश सिन्हा के संयोजन में किया जा रहा है।

महोत्सव की शुरुआत 25 फरवरी को दंतेश्वरी मंदिर से शंकर चौक सांकरा तक भव्य शोभायात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ होगी। 26 फरवरी को वेदी आह्वान, वेदी स्थापना, रुद्राभिषेक, अरणी मंथन, अग्नि स्थापना एवं यज्ञ प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे श्रीकृष्ण किंकर



महाभारत मंडली ग्राम पहंदा (दुर्ग) द्वारा धार्मिक प्रस्तुति दी जाएगी। 27 फरवरी को वेदी पूजन, रुद्राभिषेक एवं रुद्र चंडी यज्ञ संपन्न होगा। शाम 5 बजे हिरेश सिन्हा भजन संध्या ग्रुप सिरसिदा (चारामा कांकेर) की प्रस्तुति होगी। 28 फरवरी को वेदी पूजन, रुद्राभिषेक एवं रुद्र चंडी यज्ञ के साथ 21 जोड़ा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा। शाम 5 बजे भजन संध्या होगी। 1 मार्च को नित्य पूजन, देव स्थापना, शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा। शाम 5 बजे कविता वासनिक कृत अनुराग धारा राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज, ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य तथा 1008 यतिप्रवर दंडी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज द्वारा शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

यज्ञाचार्य मयंक पाठक एवं ग्रामाचार्य डोमनप्रसाद शर्मा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में मीना, हितेश सिन्हा, प्रकाश, प्रभा, हितेश, ममता, हिम्मत, हेमलता, रुद्रनारायण, प्रमिला, देवव्रत, गीता, उमेश, पूजा, आरती, साधना, तोषण, रुचिका समेत ग्रामवासी जुटे हैं। महावीर सिन्हा ने शिवलिंग का निर्माण किया है।

---

## अंचल की खबरें

### जोरातराई में पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन



**अंवरी।** जोरातराई अं एकात्मक मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू सरपंच, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ईश्वर निषाद उपसरपंच, गोपालसिंह राजपूत, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, प्रकाश तारक हाईस्कूल समति अध्यक्ष, नेमी साहू, मनहरण पाल, प्रकाश निषाद, कामता साहू, देवनारायण साहू पंच, बालमुकुंद साहू पंच, देवचरण साहू, तेज तारक उपस्थित थे।

### वजन त्योहार में शामिल हुईं नपं अध्यक्ष



**अंवरी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में 9 से 18 फरवरी तक मनाए जा रहे वजन त्योहार में नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने उपस्थित होकर बच्चों का वजन मापन कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना की। अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों का नियमित वजन मापन कुपोषण से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में पार्षद हितेंद्र साहू, सुनीता साहू, निर्मला यदु सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि व पालकगण उपस्थित थे।

### 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। 12वीं के बच्चों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया गया। 12वीं के सभी छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया। चैतन्य कुमार को मिस्टर फेयरवेल और पुष्पांजलि पटेल को मिस फेयरवेल चुना गया। प्राचार्य आरके निषाद ने छात्रों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु खूब मेहनत करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन 11वीं साइंस की छात्रा खुशी साहू ने किया।

### प्रज्ञा पीठ फरसियां में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नगरी।** प्रज्ञा पीठ फरसियां में बाल संस्कार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रज्ञा महिला मण्डल फरसियां की मीना सोन, वेणु साहू, नूतन सिन्हा, पूर्णिमा शांडिल्य, नीरा प्रजापति के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में आचार्या मीनाक्षी सेन, किरण साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुषमा तारम ने किया। श्रीमती मीना सोन ने कहा कि बच्चों को संस्कारित करने के लिए इस तरह का प्रयास होते रहना चाहिए। नूपुर साहू, मोक्ष सेन ने अपने अनुभव को शेयर किया। मौके पर शेखर सोन समेत अनेक पालक उपस्थित थे।

### राजिम कुंभ में गैलेक्सी स्कूल के छात्रों ने किया लोकनृत्य



**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड के छात्रों ने राजिम कुंभ कल्प मेला में लोक नृत्य मानव मनौती एवं सुआ गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी मगरलोड एवं प्राचार्य आरके निषाद के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने राजिम कुंभ कल्प मेला में अपनी प्रस्तुति से खूब वाहवाही बटोरी। प्राचार्य आरके निषाद एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीएम ने मन की बात में परीक्षा पर की चर्चा



**अंवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों से परीक्षा सम्बन्धी चर्चा की गई। परीक्षा की तैयारी, समय पालन, कठिन प्रश्नों को हल करना, परीक्षा के डर का हल, पर्याप्त नींद एवं बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य एमआर मनहर, उपप्राचार्य आरके बघेल, व्याख्याता आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू व्यायाम शिक्षक, गुलशन साहू, डीके साहू, जे. ध्रुव, पी. शर्मा, एस. साहू, एम. ठाकुर, ओमेश्वरी साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**भोण्ड।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता में महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर ऐतिहासिक शिव मंदिर में वृहद तैयारी चल रही है। भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के लिए सजाया संवारा जा रहा है। शिव मंदिर पुजारी जम्मू सिंह ठाकुर ने बताया कि पूजन के लिए मंदिर को सजाया जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन पूजार्चना जारी रहेगी। रात्रि मनोरंजन हेतु उड़िया नाटक व दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन व विश्राम की व्यवस्था भी मंदिर समिति द्वारा की गई है। बता दें कि मधोता का शिवरात्रि मेला इस क्षेत्र का ऐतिहासिक मेला में से एक है। वहीं आज से मेले की तैयारी भी शुरू हो रही है।

### मृतकों के परिजनों को 16 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु में मृतिका रीना बरसा के निकटतम वारिस उनके पिता रामा बरसा, मृतिका संजना बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी माता सपना बोग्गुल, मृतिका शांति सोढ़ी के निकटतम वारिस उनकी माता मोगंडी सोढ़ी एवं मृतक संपत बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सपना बोग्गुल सहित प्रत्येक परिजन को 4-4 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### आत्मसमर्पण से पुनर्वास तक राजेश

बीजापुर। राजेश एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखता है, उसका जन्म एक आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में हुआ। युवावस्था के दौरान नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित हो गया। समय के साथ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर स्वेच्छा से मार्च 2025 में आत्मसमर्पण किया। शासन द्वारा निर्धारित पुनर्वास केन्द्र बीजापुर में राज मिस्त्री (मेसन) का कार्य प्रशिक्षण प्रदान किया जिससे वह निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी कौशल अर्जित कर सका। प्रशिक्षण उपरांत राजेश वर्तमान में तेलंगाना राज्य के मुलगु जिले में मेसन निर्माण श्रमिक के रूप में प्रतिदिन 600 की मजदूरी पर कार्यरत है।

### माहेश्वरी महिला मंडल की जिलाध्यक्ष बनी ममता टावरी

**जगदलपुर।** माहेश्वरी भवन में महिला मंडल के विभिन्न पदों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग देते हुए राधा-कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष फूलों की होली खेली गई। भक्ति गीतों और पुष्पवर्षा के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेवा प्रकल्पों और महिला जागरूकता कार्यक्रमों को गति देगी।

### प्रभारी सचिव शम्मी आबिदी ने जीजामगांव आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# पोषण, प्रारंभिक शिक्षा एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने जिले के ग्राम जीजामगांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले सहित महिला एवं बाल विकास अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव सर्वप्रथम आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं और बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं केंद्र के समुचित रखरखाव का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन, कुपोषित बच्चों की स्थिति तथा पोषण ट्रैकिंग की जानकारी लेते हुए नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्म भोजन की गुणवत्ता के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से चर्चा कर पोषण स्तर में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव बच्चों के बीच फर्श पर बैठकर आत्मीय संवाद करती नजर आईं। उन्होंने बच्चों से कविता सुनी, उनके नाम, परिवार एवं गांव की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। बच्ची वाणी, हार्दिक एवं काव्य ने उत्साहपूर्वक कविता सुनाई, जिसकी सचिव ने सराहना की। उन्होंने कहा कि 5-6 वर्ष आयु के बच्चों को विद्यालय प्रवेश से पूर्व बुनियादी विषयों मैं और मेरा परिवार, मेरा घर और गांव, आंगनबाड़ी, पशु-पक्षी, फल-सब्जियां, जीव-जंतु, हवा पानी, मौसम और त्यौहार, बाज़ार, यातायात के साधन एवं हमारे सहायक आदि की समुचित जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के माध्यम से शरीर के अंगों, पारिवारिक संबंधों, ऋतु परिवर्तन एवं दैनिक जीवन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया जाए। उन्होंने 0 से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या, उनकी शारीरिक स्थिति, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं स्वास्थ्य संबंधी विवरण की जानकारी ली। केंद्र में संचालित दैनिक गतिविधियों के टाइम-टेबल, बच्चों के प्रारंभिक ज्ञान स्तर एवं गतिविधि पुस्तिका के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया की समीक्षा की।

प्रभारी सचिव ने केंद्र में वितरित किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन, रेडी-टू-ईट सामग्री, पोषण ट्रैकर, उपस्थिति पंजी तथा उपलब्ध उपकरणों की स्थिति की भी जांच की। उन्होंने गुणवत्तायुक्त एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रसोईघर का अवलोकन कर स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने कहा। साथ ही केंद्र परिसर में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को ताजे एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें और सामुदायिक सहभागिता भी बढ़े। उन्होंने ग्राम चर्रा में बाला कॉन्सेप्ट पर निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र के डिज़ाइन की सराहना करते हुए सचिव ने इसका ड्राइंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि इसी मॉडल को प्रदेश के अन्य जिलों में भी अपनाया जा सके। सचिव द्वारा बच्चों को चिक्की एवं चॉकलेट वितरित की गई, जिससे बच्चों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला।

## पुरानी बस्ती से मोदे मार्ग पर महानदी पर बनेगी तीन करोड़ की लागत से पुलिया

■ शासन से 3 करोड़ 31 लाख 46 हजार रुपये की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी







नगर पंचायत नगरी एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के किसानों की वर्षों पुरानी और महत्वपूर्ण मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। पुरानी बस्ती से मोदे मार्ग पर महानदी पर पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ 31 लाख 46 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृति मिलने से नगरी, मोदे, खम्हरिया, बिरनपुर सहित आसपास के गांवों के किसानों और क्षेत्रवासियों में हर्ष है।

ज्ञात हो कि यह पुलिया लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है। कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों से मांग करने के बावजूद यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई थी, जिससे किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पुलिया के अभाव में कृषि कार्य प्रभावित होते थे और हर वर्ष किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। अब पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिलने से किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान यह क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग थी, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं सभी पार्षदों के साथ मिलकर निरंतर प्रयास किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, महापौर रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह और श्रवण मरकाम के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में किए गए वादों को कार्यकाल के प्रथम वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और उनकी टीम इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि कृषि कार्यों में भी तेजी आएगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## अवैध निर्माण हटाने की मांग



■ गंगरेल में शासकीय सेवक के पति पर अतिक्रमण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने से आहत गंगरेलवासियों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस निर्माण से रास्ता बाधित होगा, जिससे मुहल्लेवासियों को परेशानी होगी।

सरपंच से शिकायत करते हुए लोकेश साहू, यदुवंश नाथ सिन्हा, रेश कुमार साहू, चंदू , खेमराज साहू, ममता शर्मा, एसआर ध्रुव, सरिता दुबे, केशरी साहू, भगवती पटेल, सुमन रावटे ने बताया कि वे सभी गंगरेल शिव चौक में वर्षों से निवासरत हैं। गंगरेल बांध जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल है। गंगरेल के मुख्य मार्ग पर हमेशा वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इन वाहनों की गति भी काफी अधिक रहती है। स्थिति को देखते हुए मुहल्लेवासी मुख्यमार्ग को छोड़कर गलियों से आवाजाही को प्राथमिकता देते हैं। यही कारण है कि सभी मुहल्लेवासियों ने मुख्य मार्ग पर 40-50 मीटर दूर घर बनाया है। गलियों में आवाजाही के पर्याप्त स्थान छोड़ा गया है। अब गांव के ही एक व्यक्ति पवन साहू द्वारा शिव चौक के पास माताफेर कोरी के मकान से निकासी नाली तक पत्थर से जुड़ाई कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इससे इस मार्ग पर आवाजाही बंद हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारी की पत्नी सिंचाई विभाग में कार्यरत है और शासकीय क्वार्टर में रहती है। इस क्वार्टर में बिना किसी अनुमति के किराना दुकान का संचालन किया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है। मुहल्लेवासियों ने अवैध निर्माण को हटाने की मांग की है।

## भाजपा सिर्री मंडल ने मनाई प. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

■ केंद्र सरकार की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री




भाजपा सिर्री मंडल द्वारा मंडल स्तरीय द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में ग्राम दर्रा में मनाया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का निधन 11 फरवरी 1968 को हुआ था। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके एकात्म मानववाद व अंत्योदय के सिद्धांतों को याद किया।

इस मौके पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने समय का सेवाओं के रूप में समर्पण करने की बात कही। वर्तमान में विष्णुदेव साय सरकार के साथ ही केंद्र सरकार की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। डा. लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन सेवा के लिए समर्पित रहा। उनका मूलमंत्र अंत्योदय था। सिर्री मंडल महामंत्री अधिवक्ता थानेश्वर तारक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत दिया है। राष्ट्र की योजनाओं का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ताकि एक मजबूत व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का निर्माण हो सके। यही सिद्धांत एक विकसित राष्ट्र की रीढ़ है।

कार्यक्रम में रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, पुष्पेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष, धनेश बंजारे जिलाध्यक्ष अजा मोर्चा, डॉ लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष दर्रा सोसायटी, मनीषा साहू जनपद सदस्य, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, विजय रात्रे सरपंच दर्रा, ओमप्रकाश साहू सरपंच, योगेश साहू, योगेंद्र साहू सरपंच कुल्हाड़ी, लुकेश कुमार सार्वा, हेमलाल यादव, महेश साहू, डॉ गणेश तारक, प्रेमलाल साहू, चिमन लाल साहू, जगतपाल, दानेंद्र ,प्रेमलाल, ह्यूमन साहू, नागेश्वरी साहू, डिगेश्वरी साहू, उदय साहू, गिरवर साहू, प्रेमकुमार सेन, अमित साहू, भानुशंकर, सोहन वत्सल, खोजी राम रात्रे, चित्रसेन उपस्थित थे।

## सिवनीकला में सत्संग का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में कबीर पारख सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया था। सत्संग गांव के चम्पेश्वरपारा में हुआ। प्रवचन के लिए रंजीत साहेब जमुई बिहार से अपनी संत मंडली के साथ पहुंचे थे। रंजीत साहेब ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में मानवता स्थापित होनी चाहिए। भले ही वह किसी भी जाति, धर्म, संप्रदाय का व्यक्ति हो। व्यक्ति में दया, क्षमा, करुणा, त्याग, सद्गुण, सदाचार का व्यवहार होना चाहिए। एक साधक का उद्देश्य व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ना है। एक आदर्श ग्राम की पहचान उसके भौतिक विकास से नहीं बल्कि वहां के निवासियों के सद्गुण और आदर्श विचार रखने से हैं। नीलकमल साहू ने बताया कि प्रवचन सुबह 11 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक किया गया।

## 45 मानस मंडलियों के व्याख्याकारों का हुआ सम्मान

■ मानसगान के आयोजन से धर्म के प्रति हमारी आस्था सुदृढ़ होती है : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अमलीडीह (भखारा)



मानस शक्ति केंद्र कोर्रा के संयोजन में ग्राम चरोटा में पिछले दिनों मानस महोत्सव व व्याख्याकारों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें केंद्र की गातापार, कोर्रा, हंचलपुर, टिपानी, रामपुर, जुगदेही व चरोटा की मानस मंडलियों ने रामकथा सुनाई। शक्ति केंद्र की 45 मानस मंडलियों के व्याख्याकारों को सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए मानस दिग्दर्शन पत्रिका भेंटकर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में अपने धर्म के प्रति आस्था सुदृढ़ होती है और समाज के साथ साथ परिवार में संस्कारों का विकास भी होता है। कार्यक्रम को रेखा साहू जनपद सदस्य, गणेशराम साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ, नंदकुमार साहू सोसायटी अध्यक्ष, दयालुराम साहू व्याख्याताने भी सम्बोधित किया। इस आयोजन में अध्यक्ष सालिकराम साहू, सचिव गिरधारी साहू, खिलेश्वर साहू, अजीत निषाद, भीषम साहू, केके सिन्हा, सुग्रीव नेताम, सरपंच भानेतत पटेल, खिलेश्वरी ध्रुव, घनश्याम साहू, जितेंद्र, सुरेश, चंपेश्वर, धनपाल, झुमुक समेत ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर स्वयं को धर्म के आचरण में ढालने का प्रयास करें : संत रामजीवन

■ सलोनी में कबीर सत्संग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)



ग्राम सलोनी में कबीर पंथियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबीर सत्संग का आयोजन 7 से 8 फरवरी तक किया गया। संत रामजीवन शास्त्री कबीर आश्रम दामाखेड़ा द्वारा सत्संग प्रवचन एवं कबीर की अमर वाणी का अमृतपान कराया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन संत रामजीवन शास्त्री ने बताया कि कबीरदास की मृत्यु 625 वर्ष पूर्व हुई थी जिसके चार शिष्य जागू दास, फागू दास, श्रुति गोपाल एवं धर्मदास थे। इनमें से एक शिष्य जुड़ावन साहू था। उनका व्यक्तित्व धर्मी स्वभाव का था इसलिए उनका नाम धर्म दास रखा। शास्त्री जी ने कहा कि कबीर की सत्य वाणी को सुनकर लोग अपने जीवन को पाप और अंधकार के कामों से अलग कर रहे हैं। संत ने जनसमूह से आग्रह किया कि मनुष्य मांस भक्षण ना करें। नशाखोरी ना करें। सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर अपने आप को धर्म के आचरण में ढालने का प्रयास करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को धर्म की शिक्षा का ज्ञान मिले। कार्यक्रम भगवान दीन साहू के नेतृत्व में हुआ। मौके पर रोहित साहू, झनकेश्वर साहू, सेवक राम साहू,शेखर साहू, सुमन साहू, रोहित दास मानिकपुरी, मनोहर दास मानिकपुरी, चतुरदास मानिकपुरी, तेवदास मानिकपुरी सहित अन्य मौजूद थे। सभा का संचालन अर्जुन साहेब व आभार व्यक्त भगवान दीन साहू ने किया।

## डाकघर कुकरेल को उप डाकघर में उन्नयन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)





कुकरेल क्षेत्र के ग्रामीणों ने धमतरी डाकघर की शाखा को उप डाकघर बनाने की मांग ने की है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चूंकि ग्राम कुकरेल के आसपास बनरौद, भोथापारा, चनागांव, केरेगांव, सियादेही, अरौद दरगहन, छुही, बोरसी , बाजार कुर्रीडीह, झुरातराई कुल 12 शाखा डाकघर है जिनके लिए कुकरेल उप डाकघर खोलने के लिए उचित स्थान है। कुकरेल में तहसील कार्यालय, हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत कार्यालय, सहकारी समिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी वन विभाग, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा ग्रामीण बैंक शाखा संचालित है। इन सभी की पत्र रजिस्ट्री एवं बचत खाता बीमा का कार्य पैसे का जमा भुगतान डाकघर के माध्यम से होता है। कुकरेल शाखा डाकघर का प्रारंभ 1989 से हुआ है लेकिन आज तक उप डाकघर नहीं बना है। कार्य की अधिकता को देखते हुए अविलम्ब कुकरेल में उप डाकघर खोलने की मांग सरपंच नरेश कुमार मरकाम, ओंकार नेताम, गिरधारी सिन्हा, अजय यादव, संजय रामटेके, अजय ध्रुव, टार्जन दास मानिकपुरी, कृष्णा साहू, योगेश्वर ध्रुव ने शासन-प्रशासन से की है।

## योगेश पुनः बने पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष चंदू जसवानी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में कराए गए कार्यों व आय व्यय का विवरण आम मीटिंग में समाजजनों की उपस्थिति में रखा। पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर दो साल के सहयोग के लिए समाजजनों का आभार प्रकट किया। सामाजिक नियमावली के अनुसार नये अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यवाहक अध्यक्ष के लिए समाजजनों ने प्रतिष्ठित व्यवसायी योगेश जसूजा को उनके पिछले अध्यक्षीय कार्यकाल में उनके उल्लेखनीय कार्य के फलस्वरूप पुनः निर्विरोध कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में चुना। श्री जसूजा ने अपने सम्बोधन में समाज के नागरिकों का इस महती जवाबदारी देने के लिये आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष तेजवानी व आभार व्यक्त मनीष वाधवानी ने किया।

### पोटियाडीह में महाशिवरात्रि पर्व पर 14 से होंगे विविध कार्यक्रम

**आमदी।** ग्राम पोटियाडीह में श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर 14 से 16 फरवरी तक मेला का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न मंडलियों द्वारा रामायण, पंडवानी व लोक राग नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। मेले का मुख्य आकर्षण हवाई झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन झूला, बच्चों का मिकी माउस स्किपियो, जंपिंग झूला एवं मीना बाजार रहेगा। 14 फरवरी को रात्रि 7 बजे से रामायण पाठ होगा। 15 फरवरी को रात्रि 8 बजे से त्रिवेणी साहू (पिल्दा बेमेतरा) द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति होगी। 16 फरवरी को पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी (खल्लारी जिला बालोद) की प्रस्तुति होगी। 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल महाभंडारा का आयोजन किया गया है।


शोक संदेश (पचनाहन कल)



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि ग्राम डाभा निवासी **श्री जीवराखन लाल साहू** का 10 फरवरी 2026 मंगलवार को स्वर्गवास हो गया है। जिसका संपूर्ण कार्यक्रम 14 फरवरी 2026 शनिवार को किया जा रहा है। स्थान स्कूल चौक, डाभा (मगरलोड) तालाब कार्यक्रम दोपहर 1 बजे संपन्न होगा।

शोक संतप्त
श्रीमती कुसुम साहू (बहू)
संदीप साहू, प्रदीप साहू (नाती)
श्रीमती चमेली, श्रीमती गीता, श्रीमती विद्या (पुत्री)

शोकाकुल :
राजेंद्र, सुरेश, किशन एवं समस्त साहू परिवार डाभा

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ देव सेसा उत्सव



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेंद्रपुर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ देव सेसा का आयोजन संपन्न हुआ। इस उत्सव में न केवल स्थानीय निवासी के साथ आसपास के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और सामाजिक प्रमुखों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार हुई। सामूहिक भोज से पहले सभी ग्रामीणों ने ग्राम गायता के पास श्रद्धापूर्वक धान जमा किया। मान्यता है कि नई फसल और अन्न का भोग पहले देवताओं को अर्पित किया जाता है, जिसके बाद ही उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। क्षेत्र के प्रमुख सियान और मुखिया इस आयोजन के मुख्य आकर्षण रहे। उनकी उपस्थिति में युवाओं ने अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को करीब से समझा। उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है।पूजा-अर्चना और रस्मों के पश्चात सभी ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद लिया। प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला यह कार्यक्रम देर शाम तक हर्षोल्लास के साथ चलता रहा।

### चिहरो में आज से दो दिनी वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिहरो में परंपरागत दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को किया जाएगा। मेले को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। मेला आयोजन के दौरान दिन में धार्मिक एवं पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 13 फरवरी की रात्रि को रंगलहर लोक रिकॉर्डिंग संस्था धमतरी जिला के ग्राम खलारी की टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### घायल की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 86 नेताजी नगर निवासी 74 वर्षीय अनिल राय पिता स्व. द्वारिका राय का सड़क दुर्घटना में 10 फरवरी को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। चोट अधिक होने के कारण उसका मौत हो गया।

**ग्रामीणों की मांग : हमें उद्योग नहीं बल्कि निस्तारी के लिए सुरक्षित जमीन चाहिए**

# औद्योगिक पार्क के विरोध में भालुझुलन के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की दूरगामी सोच के चलते ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम भालुझुलन में औद्योगिक पार्क की स्थापना को लेकर ग्रामीणों व प्रशासन के बीच अब ठनती दिखाई पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें उद्योग नहीं बल्कि निस्तारी के लिए उनकी जमीन सुरक्षित चाहिए। इसके विरोध में लामबंद ग्रामीण सड़क की लड़ाई लड़ना शुरू कर दिए हैं।

गुरवार को ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम भालुझुलन में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिन्हांकित शासकीय घास जमीन के अधिग्रहण के विरोध में ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इनके समर्थन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने आवाज बुलंद की। भालुझुलन एवं डांडेसरा के मध्य प्रस्तावित औदयोगिक जमीन के पास बैठे ग्रामीणों ने नारेबाजी कर घण्टों प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे कुरुद तहसीलदार सूरज बंछोर की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान सरपंच श्रीमती गन्नीर, मोहित चन्द्राकर कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता दीक्षांशु मेश्राम, पटवारी वीरेन्द्र बैस उपस्थित थे।



### 2 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक ने किया था भूमिपूजन

गौरतलब हो कि बीते 2 फरवरी को नेशनल हाईवे के करीब ग्राम डांडेसरा में ग्राम भालुझुलन की 11 हेक्टेयर जमीन में बनने वाले औदयोगिक पार्क का क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर द्वारा भूमिपूजन किया गया जिसके बाद कार्य शुरू करने उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने जमीन का सीमांकन करना शुरू किया। इसे ग्रामवासी आक्रोशित हो गये एवं उनकी जानकारी के बगैर गांव के चारागाह, आबादी जमीन, मुक्तिधाम एवं तालाब आदि निस्तारी के लिए जमीन नहीं बचने का विरोध करते हुए एकजुट होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।



### ग्रामीणों के हित-अहित की किसी को चिंता नहीं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि यहां के अधिकारी-कर्मचारी विधायक के इशारे पर ग्रामीणों के हित-अहित की चिंता किये बगैर कुछ भी प्रस्ताव व निर्णय पारित कर कहीं भी कुछ भी बनवाने का काम कर रहे हैं जिसकी भनक ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने अपनी भावी पीढ़ी के लिए यहां आबादी, मैदान, चारागाह, स्कूल कॉलेज व अस्पताल के लिए जगह सुरक्षित रखने की मांग कर रहे पर उनकी आवाज को दबा दिया जा रहा है। औदयोगिक पार्क के नाम पर गांव की जमीन को पूर्णतः अधिग्रहित करना सर्वथा गलत है। ग्रामीणों की मांग जायज है।

### ग्रामीणों से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे

ग्रामीणों से चर्चा कर उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा आगे का निर्णय लिया जायेगा और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

- सूरज बंछोर, *तहसीलदार कुरुद*

### ग्रामीणों का हक मारकर कैसे विकास करेंगे : नीलम

ग्रामवासियों की मांगों को जायज बताते हुए जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने कहा कि यहां की 11 हेक्टेयर जमीन को क्षेत्र के एक बड़े जनप्रतिनिधि अपने निजी स्वार्थ के लिए यहां औदयोगिक पार्क के नाम से अधिग्रहित करवा रहे हैं। इससे यहां निस्तारी के लिए भी जमीन नहीं बचेगी। बगौद में भी मेगा फूडपार्क स्थापित है। यहां के एक भी स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार नहीं दिया गया है। गांव की जमीन में बाहरी लोग आकर राज कर रहे हैं और यहां के विधायक क्षेत्र का विकास करने का ढिंढोरा पीट रहे हैं। ग्रामीणों की मांग जायज है और हम इनकी मांगों को पूरा होने तक पूरा समर्थन करते रहेंगे।

### बिना बताये कर लिया है जमीन का अधिग्रहण

धरना प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण रामाधार दीवान, बहुरी दीवान, उमा दीवान, केकती पटेल, ललित कुमार, शेषनारायण तिवारी ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को बिना बताए औद्योगिक पार्क के लिए जमीन अधिग्रहित कर लिया है जिससे गांव में घास जमीन, चारागाह, मुक्तिधाम, बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आबादी आदि के लिए जमीन नहीं बचेगी । ऐसे में गांववासी आगे निस्तारी कैसे करेंगे। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### आवेदन पर अब तक नहीं हुई कोई सुनवाई

ग्रामीण शीतल साहू, संतोष यादव धर्मेंद्र कुमार, सुरेश तिवारी, दुलेश पटेल, नीरा कंवर, उषा शर्मा, महेश्वरी साहू ने कहा कि गांववालों को जानकारी दिए बिना यहां उद्योग लगाए जा रहे हैं जिसकी शिकायत हमने तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, विधायक के पास भी कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। यहां तक चोरी छिपे भालुझुलन में बनने वाले उद्योग का डांडेसरा में भूमिपूजन कर दिया गया। अब तो खंभे गड़ाना, प्लाट चिन्हांकन भी शुरू कर दिए हैं। अब हम यहां उद्योग लगने नही देंगे और अपने हक की जमीन के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे।

## नहर में पानी नहीं आने से वाटर फिल्टर प्लांट से जलापूर्ति प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नहर में पानी की आवक कम होने के कारण नगर निगम का मुख्य जल शुद्धिकरण संयंत्र (वाटर फिल्टर प्लांट) को अस्थायी रूप से बंद रखना पड़ता है। जलस्तर में कमी के चलते कच्चे पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे नियमित रूप से फिल्टर प्लांट का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। नगर निगम जल विभाग के प्रभारी अखिलेश सोनकर ने बताया कि नहर में पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने के कारण प्लांट को तकनीकी रूप से बंद रखा गया है, ताकि मशीनरी को नुकसान न पहुंचे। जैसे ही नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचेगा, संयंत्र को पुनः चालू कर शहर में जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। कलेक्टर को भी पूरी स्थिति से अवगत करा दिया गया है और प्रशासनिक स्तर पर समाधान के प्रयास जारी हैं। गुरुवार की सुबह विभागीय इंजीनियरों की टीम देमार तक स्थल निरीक्षण के लिए पहुंची और नहर के जलस्तर की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जल प्रवाह बढ़ाने के लिए आवश्यक तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा की गई। श्री सोनकर ने कहा कि महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन में नगर निगम की पूरी टीम जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए सक्रिय है। शहरवासियों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की योजना भी तैयार रखी गई है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि जलापूर्ति सामान्य होने तक पानी का उपयोग संयमित ढंग से करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें।

जल संसाधन विभाग के इंजीनियर श्री मगेन्द्र ने बताया कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नहर से प्रतिदिन 50 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी का संरक्षण और संग्रहण नगर निगम की जिम्मेदारी है। जल आवर्धन योजना के पास स्ट्रक्चर बनाकर पानी संग्रहित किया जाना चाहिए। वर्तमान में कार्य जारी होने से आपूर्ति प्रभावित है, काम पूरा होते ही नियमित पानी छोड़ा जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर संबलपुर में लगेगा आध्यात्मिक महाकुंभ

- 15 को जप-तप, नादि श्राद्ध और पितृ दोष निवारण का अनुष्ठान
- ज्ञानेश्वर महाराज के सान्निध्य में गूंजेगा शिव मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाशिवरात्रि के अवसर पर संबलपुर की पवित्र धरती एक दिव्य आध्यात्मिक उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। 15 फरवरी को लक्ष्मीनारायण सेवा समिति संबलपुर के तत्वावधान में भव्य महाशिवरात्रि विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धा, साधना और संस्कारों का विराट संगम होगा।

समिति के अध्यक्ष महावीर सिन्हा एवं कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने बताया कि यह साधारण पूजन नहीं, बल्कि ज्ञानेश्वर महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न होने वाला विशेष नादि श्राद्ध एवं पितृ दोष निवारण अनुष्ठान है, जिसमें प्रत्येक यजमान परिवार की ओर से वैदिक विधि-विधान के साथ संकल्प लेकर पूजा संपन्न कराई जाएगी।

संरक्षक अशोक गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन आध्यात्मिक चेतना का महाकुंभ सिद्ध होगा। ज्ञानेश्वर महाराज की दीर्घकालीन साधना और अनुभव का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से ज्ञानेश्वर महाराज निवास संबलपुर में प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के संरक्षक दुर्गेश नंदनी यादव, अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर मिन्हा, प्रमोद शर्मा, कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, उपकोषाध्यक्ष ममता पटेल, सहसचिव नीरज सोनी, कार्यक्रम संयोजक दीपिका देवांगन, सलाहकार पुलकित सिन्हा, सदस्य मनसुख साहू, सुश्री दीप्ति सोनी, मीना बाबर, विनोदिनी यादव, शिल्पा मानिकपुरी समेत अन्य जुटे हैं।

### पितृ दोष निवारण, संकटों से मुक्ति का उपाय

जिन परिवारों में अकाल मृत्यु, असाध्य रोग, कर्ज, कलह, भूमि विवाद, विवाह में विलंब अथवा संतान सुख में बाधा जैसी समस्याएं हैं, उनके लिए यह अनुष्ठान विशेष फलदायी माना गया है। विशिष्ट हवन, क्षमा प्रार्थना मंत्र और वैदिक विधानों से पितृ दोषों का शमन किया जाएगा, जिससे जीवन में शांति, समृद्धि और संतुलन स्थापित हो सके। महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय जाप के माध्यम से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति, अभय वरदान और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होगी।

### तीन आयामों में होगा दिव्य अनुष्ठान

शास्त्रों के अनुसार अतृप्त आत्माएं परिवार में बाधाओं का कारण बन सकती हैं। इस अनुष्ठान में नाम एवं गोत्र सहित संकल्प लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्वजों का आह्वान किया जाएगा। इससे अधूरी इच्छाओं की पूर्ति और वंशजों को आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### पंजीयन अनिवार्य

समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे नाम और गोत्र सहित अपना पंजीयन शीघ्र कराएं, जिससे विधिवत पूजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मीडिया प्रभारी विकास साहू एवं डुमनलाल ध्रुव ने बताया कि श्रद्धालुओं के बैठने एवं प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है।

## मानसगान की मधुर ध्वनि से गूंजा मकेश्वर वार्ड



**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय त्रिदिवसीय मानसगान सम्मेलन भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक उल्लास का केंद्र बना रहा। मानस मंडलियों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। आयोजन के दूसरे दिन संध्याकालीन आरती में भगवान श्रीराम की आराधना कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

अन्नपूर्णा महिला समिति और दुर्गा माता मंदिर महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेशभर की प्रसिद्ध मानस मंडलियों ने भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत भजनों, चौपाइयों और कथा गायन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

गुरुवार को समापन अवसर पर नवाजतन महिला मानस मंडली धमतरी, संगम मानस परिवार डाही, श्री आराधना बालिका मंडली बालोद, पारसमणि मानस परिवार रायपुर, मुरिया मानस मंडली कांकेर, अर्चना आदर्श महिला मानस मंडली बड़ेकरेली और चंचल ज्योति बालिका मानस मंडली रायपुर ने अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की सफलता में पार्षद प्रकाश सिन्हा, अर्जुन पुरी गोस्वामी, सियाराम साहू, डोमार दादर, खिलेश्वरी किरण, श्यामा साहू, जेएल देवांगन, दानीराम साहू, गंगा सिन्हा, सेवक राम सिन्हा, लोकेश साहू और उमेश नाग का विशेष सहयोग रहा।

### प्रदेशभर की मंडलियों ने बांधा समां

सम्मेलन में विनायक मानस मंडली नयापारा, जय खुजराहो मानस मंडली कवर्धा, परमेश्वर मानस परिवार गरियाबंद, सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा, श्री नमन मानस परिवार धमतरी, कर्मा मानस मंडली फरसियां, पूजा मानस परिवार महासमुंद, शिव-शक्ति मानस परिवार खम्हरिया, माधुरी महिला मानस मंडली गरियाबंद तथा भूमिजा मानस परिवार रायपुर ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

## यूनिवर्सल ताइक्वांडो कप में दो मेडल मिले



**धमतरी।** उत्तरप्रदेश में आयोजित यूनिवर्सल ताइक्वांडो कप में धमतरी मार्शल आर्ट्स एकेडमी से दो खिलाड़ियों नम्रता साहू पिता सुदर्शन साहू सीनियर वर्ग-57 केजी में स्वर्ण पदक और तन्मय निर्मलकर पिता घनश्याम निर्मलकर ने जूनियर वर्ग-47 केजी में कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर धमतरी मार्शल आर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षक लोकेश साहू, लेखराज साहू, सीनियर खिलाड़ी दुर्गेश पटेल, वीरेंद्र मीनपाल, यामिनी मीनपाल ने हर्ष जताया है।




## वैलेंटाइन डे पर शहर का बाजार गुलजार

- गिफ्ट गैलरी, फूल दुकानों और ग्रीटिंग स्टॉल पर युवाओं की भीड़ उमड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


सामाजिक बंदिशों और निगरानी की चर्चाओं के बीच भी शहर में वैलेंटाइन डे को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है। 14 फरवरी से पहले ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। गिफ्ट गैलरी, फूल दुकानों और ग्रीटिंग स्टॉल पर युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रेमी जोड़े अपने जज़्बात बयां करने के लिए चॉकलेट, टेडी बियर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स की खरीदारी में जुटे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी वैलेंटाइन डे कारोबार के लिहाज से खास रहने वाला है। डर और सामाजिक दबाव की चर्चा के बावजूद युवा पीढ़ी प्रेम के इस पर्व को उत्साह के साथ मना रही है।

फूल विक्रेता विनय वाधवानी ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर गुलाब और गुलदस्तों की भारी मांग रहती है। इसके लिए उन्होंने बाहर से बड़ी मात्रा में ताजे गुलाब मंगवाए हैं, जिन्हें अलग-अलग डिजाइन में सजाकर तैयार किया जा रहा है।

### रहेगी निगरानी, पर युवाओं में उत्साह बरकरार

वैलेंटाइन डे पर धार्मिक संगठनों और पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी। हालांकि, इसके बावजूद युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पालक वर्ग रघुनाथ मिश्रा, देवीलाल कोठारी और रामचंद्र सिंह का कहना है कि वैलेंटाइन डे पश्चिमी संस्कृति का प्रतीक है, इसलिए भारतीय संस्कृति को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनके अनुसार इस दिन माता-पिता, गुरु और ईश्वर के प्रति प्रेम प्रकट करना ही सच्ची परंपरा है। वहीं शिक्षक एमके साहू और पीएल सेन ने कहा कि बच्चे किसी भी प्रकार की उग्रता से दूर रहें और सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करें। माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को सम्मान व स्नेह देना ही भारतीय संस्कृति की पहचान है।





### 50 से 5000 तक के गिफ्ट्स

आर्टिफिशियल ज्वेलरी विक्रेता वीणा गुप्ता ने बताया कि उनके यहां 100 से लेकर 5000 तक के आकर्षक गिफ्ट उपलब्ध हैं। वहीं टेडी बियर एवं जनरल स्टोर संचालक गोपी किशन पटवा ने बताया कि युवाओं के बजट को ध्यान में रखते हुए 50 से 500 तक के गिफ्ट्स की विशेष रेंज रखी गई है।

### बाजार में बढ़ी रौनक

धमतरी में वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार पूरी तरह सज चुके हैं। सामाजिक बहसों और निगरानी के माहौल के बीच भी प्रेम का उत्सव अपने रंग में नजर आ रहा है। युवा अपने तरीके से रिश्तों को खास बनाने की तैयारी में जुटे हैं और बाजार इस मौके पर पूरी तरह गुलजार है।

## भक्तों ने भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती को हल्दी अर्पित की

- बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की धूम, परिसर को फूलों, रंगोली से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर में आस्था और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में इतवारी बाजार स्थित किले के प्राचीन एवं ऐतिहासिक बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को हल्दी अर्पित करने की पारंपरिक रस्म श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।

सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में थाल सजाकर भगवान शिव और माता पार्वती को हल्दी अर्पित करती नजर आईं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंगोली और रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी दिव्य प्रतीत हो रहा था।

पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हल्दी रस्म संपन्न कराई गई। मान्यता है कि महाशिवरात्रि से पूर्व हल्दी अर्पित करने की परंपरा शुभ फलदायी होती है और इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और शिव स्तुति का कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।



मंदिर समिति के पदाधिकारी नीलेश लूनिया और मुकेश सुखवानी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा, रुद्राभिषेक, रात्रि जागरण और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेहंदी और संगीत के बाद भोलेनाथ की बारात का आयोजन किया गया है।

भक्तों का कहना है कि किले के श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है और इस बार भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### आयुष ग्रुप ने लुंगी डांस पर दी मनमोहक प्रस्तुति

**सिर्री।** गैलेक्सी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नारी में वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई देकर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम की कामना की गई। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशिष्ट अतिथि खेमलता साहू अध्यक्ष नगर पंचायत करेली बड़ी, जगतपाल साहू पूर्व सरपंच नारी एवं रिखीराम साहू पालक सदस्य थे। कक्षा पीपी 1 से मुस्कान ग्रुप ने छोटा बच्चा जान के हमको न समझाना गीत पर एवं कक्षा पीपी 2 एंजल ग्रुप ने बम बम बोले एवं चक धूम धूम गीत में डांस कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

